कार्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

आवश्यक-सूचना

अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित करना है कि भारत सरकार की महत्तवाकांक्षी योजना ONOS (One Nation One Subscripation) के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्ववविद्यालय, गोरखपुर को 30 अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों के ई-कंटेंट/ई-जर्नल्स निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। यह सुविधा विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं/शिक्षकों के लिए उपलब्ध है।

इस योजना के अन्तर्गत, विभिन्न विषयों से सम्बंधित उच्च गुणवत्ता वाले ई-जर्नल्स और अन्य शैक्षणिक सामग्री तक आपकी पहुंच सुनिश्चित होगी। यह आपके अध्ययन, अध्यापन एवं अनुसंधान कार्यों को और अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्व होगा।

दिये गये लिंक के माध्यम से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित समस्त ई-कंटेंट/ई-जर्नल्स का उपयोग कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा की दशा में, पुस्तकालय से सम्पर्क किया जा सकता है:

URL: http://www.onos.gov.in

अध्यक्ष, पुस्तकालय

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/पुस्त0/INC_135/ 248/2025 दिनांक : 18 फरवरी, 2025

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त अधिष्ठाता।
2. कुलसचिव।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने विभाग के शिक्षकों/छात्रों में परिचालन कराने का कष्ट करें।
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक, को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त सूचना को समस्त छात्रावासों में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधितों को स्वयं के स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. वेब-मास्टर को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. शैक्षणिक परिसर के समस्त सूचना-पटट् पर छात्र/छात्राओं के अवलोकनार्थ।

अध्यक्ष, पुस्तकालय